तापमान
अधिकतम 39 .0 डिग्री
न्यूनतम 13 .4 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, बुधवार, 26 मार्च 2025

12 अनाज मंडी में सरसों की खरीद में आई तेजी



12 बसपा नेता की हत्या में वांटेड आरोपियों की गिरफ्तारी हो



## खबर संक्षेप

### सब्जी विक्रेता के घर से नगदी और गहने चोरी

**पानीपत।** पानीपत के तहसील कैंप क्षेत्र के विष्णु कॉलोनी निवासी सब्जी विक्रेता गुलशन कुमार के घर से चोर ने नगदी व गहने चोरी कर लिए। गुलशन अपने परिवार के साथ राजस्थान में खाटू में बाबा श्याम के दर्शन करने के लिए गए हुए थे। गुलशन कुमार ने बताया कि चोर उनके घर से 1.30 लाख कैश, सोने की अंगूठी, मंदिर की गुल्लक से 40 हजार कैश समेत घरेलू सिलेंडर चोरी आदि सामान चोरी कर ले गए।

### गली में खड़ी कार व दो बाइक आग में झुलसी

**पानीपत।** मंगलवार को जीटी रोड क्षेत्र में होटल के पास गली में खड़ी एक कार में अचानक आग लग गई। आग ने बराबर में खड़ी स्कूटी और बाइक को भी चपेट में ले लिया। आसपास के लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन कामयाब नहीं हो पाए। आनन-फानन में फायर ब्रिगेड को कॉल किया गया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया। जबकि सोमवार को आग में कार व ट्रक जल चुके है।

### मेला क्षेत्र में की गई एंटी फ्लाई एक्टिविटी

**पिहोवा।** चेत्र चौदस मेले की तैयारियों को लेकर एमपीएचएस व एमपीएचडब्ल्यू की मीटिंग ली गई। इस मीटिंग में मेले के दौरान स्वास्थ्य गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाने के लिए मेला नोडल अधिकारी डा. शिवनीत कौर द्वारा दिशा निर्देश दिए गए। पिहोवा सरस्वती तीर्थ पर आयोजित चैत्र चौदस मेला 2025 को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा सरस्वती घाट और इसके आस पास के क्षेत्र में एंटी फ्लाई एक्टिविटी की गई और मेला में आए हुए दुकानदारों को सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने बारे जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त पीने के पानी की गुणवत्ता जांचने के लिए ओटी टेस्ट किए गए।

### सरल आध्यात्मिक जीवन विकास शिविर लगाया

**कुरुक्षेत्र।** ऐतिहासिक ब्रह्मसरोवर के नजदीक मैडिटेशन हॉल मे वैदिक संस्कृति दर्शन पीठ ज्योतिसर द्वारा तीन दिवसीय पूर्ण आवासीय सरल आध्यात्मिक जीवन विकास शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न प्रांतो से साधक पहुंचे। शिविर में गुजरात से पधारे स्वामी विवेकानंद जी परिव्राजक, आचार्य अजय, ब्रह्मचारी किशोर और आचार्य आत्मन् ने भारतीय वैदिक सनातन संस्कृति के ज्ञान से सज्जनों को अवगत कराया।

### खेलों से मानसिक और शारीरिक विकास : सिंह

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में वाणिज्य विभाग द्वारा खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें छात्रों, शोधार्थियों और विभाग सदस्यों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. हवा सिंह ने कहा कि खेल मानसिक, शारीरिक, और सामाजिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। यह हमें स्वस्थ रखने, दिमाग की क्षमता को विकसित करने, सामरिकता का अभ्यास करने और टीमवर्क करने का अवसर प्रदान करता है।

### मूल्य शिक्षा पर टीचर्स के लिए किया ट्रेनिंग सेशन

**कुरुक्षेत्र।** नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल में टीचर्स के लिए ट्रेनिंग सैशन का आयोजन किया गया जिसका विषय मूल्य शिक्षा रहा। ट्रेनर जतिंदर आर्य ने सैशन का प्रारंभ संस्कृत के मंत्र के द्वारा किया जिसका अर्थ बताते हुए उन्होंने समझाया कि मन की शुद्धि अति आवश्यक है। सत्य हमारे अध्यापन के लिए आवश्यक है हमें अपने कार्य के प्रति सजग, निष्ठावान रहना चाहिए तभी हम नैतिकता तथा मूल्यों को विद्यार्थियों के जीवन में पहुंचा सकेंगे।

# यमुना में डूबे आठवीं के दो छात्रों के शव पांच दिन बाद नहर से बरामद

## पुलिस ने दोनों छात्रों के शवों को कब्जे में लेकर करवाया पोस्टमार्टम

### परीक्षा देने के बाद नहर में नहाते समय डूब गए थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- सरकार और प्रशासन से आर्थिक मदद की भी गुहार लगाई।

पांच दिन पहले आठवीं की परीक्षा देने के बाद पश्चिमी यमुना नहर में नहाते समय डूबे दो छात्रों लक्की व कृष्णा के शव मिल गए। मृतक छात्रों के परिजन पिछले पांच दिन से गोताखोरों की मदद से नहर में दोनों छात्रों की तलाश में लगे थे। पुलिस ने दोनों छात्रों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।



यमुनानगर। नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान शोकाकुल खड़े हुए दोनों छात्रों के परिजन।

#### पांच दिनों तक की तलाश

गोताखोर राजीव ने बताया कि पिछले पांच दिनों से दोनों शवों की तलाश जारी थी। सोमवार देर शाम को लक्की का शव मिल गया था। जबकि आज मंगलवार को कृष्ण का शव भी बरामद हो गया। मौके पर मृतक कृष्ण के पिता ने बताया कि उसका बेटा तीन बहनों का अकेला भाई था। घर के आर्थिक हालात भी ठीक नहीं हैं। वह पल्लेदारी का काम करते हैं। उन्होंने सरकार और प्रशासन से आर्थिक मदद की भी गुहार लगाई।

#### परिजनों को सौंपे शव

मामले की जांच कर रहे सदर थाना यमुनानगर पुलिस के जांच अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि दोनों छात्रों के शव बरामद हो गए हैं। जिनमें छात्र लक्की का शव सोमवार देर शाम मिल गया था। जबकि कृष्ण का शव आज सुबह मिला है। दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराने के बाद उन्हें परिजनों को सौप दिया गया है। मामले में बीएनएसएस 194 के तहत कार्रवाई की गई है।

#### गोताखोरों ने तलाशे

गत शुक्रवार दोपहर को आठवीं कक्षा का पेपर देने के बाद लक्की और कृष्ण 15 अन्य छात्रों के साथ पश्चिमी यमुनानगर नहर पर नहाने के लिए गए थे। इस दौरान नहर में पानी का बहाव अधिक होने के कारण वह दोनों नहर में डूब गए। परिजन व पुलिस उसी दिन से गोताखोरों की मदद से दोनों छात्रों की नहर में तलाश करने में लगी थी।

# सड़क पर गड्ढे ने ली महिला और गर्भस्थ शिशु की जान

- आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रशासन के खिलाफ विरोध जताया
- ग्रामीणों ने आश्वासन मिलने के बाद हटाया सड़क से जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

नारायणगढ़-कालपी वाया बधौली रोड पर ई-मैक्स कॉलेज के पास मुख्य रोड पर गड्ढे के कारण बाइक से गिरकर एक महिला व उसके गर्भ में पल रहे बच्चे की मौत हो गई। महिला की पहचान बधौली गांव की 22 वर्षीय प्रियंका के रूप में हुई। हादसे का कारण बने गड्ढों के विरोध में गुस्साए ग्रामीणों ने बधौली के बाहर मुख्य रोड जाम कर दिया।

यहां करीब ढाई घंटे तक रोष जताया। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझाने का प्रयास किया लेकिन वे नहीं माने। आखिर में पीडब्ल्यूडी के जेई ने आकर तीन दिन में मुख्य सड़क को दुरुस्त करने का आश्वासन दिया। इसके बाद मामला शांत हुआ। परिजनों की ओर से फिलहाल कोई शिकायत नहीं दी है। शव को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया गया है। बताया जाता है कि मृतका की शादी कुरुक्षेत्र के पिहोवा वासी रमनदीप के साथ सात अप्रैल 2024 को हुई थी। विवाहिता करीब आठ माह की गर्भवती थी। एक दिन पहले ही वह अपने परिजनों से मिलने के लिए बधौली गांव आई थी। ग्रामीणों का कहना था कि इस मुख्य रोड पर जगह-जगह गड्ढों के कारण पहले भी कई बार हादसे हो चुके हैं। कई बार इस रोड को बनाने के लिए मांग उठाई जा चुकी लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। अब इन्हीं गड्ढों के कारण यह हादसा हुआ।

#### ये रहे मौजूद

मुलाना थाना प्रभारी इंस्पेक्टर बलकार सिंह ने बताया कि महिला की मौत के बाद ग्रामीणों वे जाम लगाया था। हालांकि आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने जल्द ही उसे खोल भी दिया। इत्तेफाकन मौत की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। यह हादसा मुख्य रोड पर गड्ढे के कारण हुआ है।

# डेरा और महमूदपुर में अवैध खनन में संलिप्त दो डंपरों को किया सीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

- अवैध खनन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश जारी

खनन विभाग की टीम द्वारा अवैध खनन एवं अवैध परिवहन को रोकने के लिए सक्रियता के साथ निरंतर कारवाई की जा रही है। खनन निरीक्षक सोनू कुमार ने बताया कि गत रात्रि डेरा तथा महमूद्पुर क्षेत्र में अवैध खनन से संबंधित परिवहन में सम्मिलित दो वाहनों (डंपर) को खनन विभाग की टीम ने पकडक़र सीज किया है।

उन्होंने बताया कि अवैध खनन तथा परिवहन में सम्मिलित लोगों एवं वाहनों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। उपायुक्त अजय सिंह तोमर द्वारा भी स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि अवैध खनन एवं परिवहन को रोकने के लिए पूरी तत्परता के साथ निरीक्षण किया जाए जो कोई भी व्यक्ति या वाहन इस कार्य में सम्मिलित पाया जाए उस पर नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाए। खनन निरीक्षक ने बताया कि जिला में जिन भी नदियों में अवैध खनन की संभावना रहती है उन क्षेत्रों में विभाग की टीम द्वारा विशेष तौर पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि गांव डेरा में ग्रेवल के अवैध परिवहन में संलिप्त पाए जाने पर खनन विभाग अंबाला की टीम द्वारा एक वाहन को पकडक़र सीज करने की कार्रवाई की गई है।



जांच टीम द्वारा पकड़े गए वाहन।

# ठेकेदार की हत्या में महिला समेत चार गिरफ्तार

- मजदूर ने अपने साले, पत्नी और साथी संग मिलकर की वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

ठेकेदार राजकुमार की हत्या मामले में पुलिस ने एक महिला समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चारों आरोपियों को अदालत में पेश किया।

थाना शहर जगाधरी प्रभारी राजपाल ने बताया कि 24 मार्च को शहर जगाधरी थाना क्षेत्र की शांति कालोनी निवासी ठेकेदार 46 वर्षीय राजकुमार की हत्या किसी और ने नहीं की थी, बल्कि उसके ही एकं मजदूर ने अपने साले, पत्नी व साथी के साथ मिलकर की थी। वारदात के बाद उसके शव को पड़ोसी की बाइक पर ले जाकर खारवन मोड़ पर पुलिया के पास फेंक दिया था। इस बात का खुलासा आरोपियों ने पुलिस के समक्ष पूछताछ में किया है। मृतक राजकुमार राज मिस्त्री था। वह गत रविवार की शाम को अपने मजदूर राहुल को मजदूरी के पैसे देने के लिए उसके घर गया था। जहां उनका दिहाड़ी के रुपयों को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद आरोपी राहुल ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसकी हत्या कर दी।



**यमुनानगर।** ठेकेदार राजकुमार की हत्या मामले में गिरफ्तार किए चारों आरोपी।

#### ये है मामला

मृतक के बेटे महेंद्र ने बताया था कि वह शांति कालोनी में रहते हैं। पिता राज मिस्त्री का कार्य करते हैं। उनके पास कालोनी का ही राहुल कार्य करता था। गत रविवार की शाम पिता घर से यह कहकर निकले थे कि वह राहुल को दिहाड़ी के रुपये देने जा रहे है। मगर वह वापिस नहीं आए। उन्होंने राहुल के कमरे पर जाकर देखा, जहां राहुल कोई संतोषजनक जानकारी नहीं दे सका। इसी के आधार पर पुलिस ने राहुल को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो मामले का खुलासा हुआ। राहुल व राजकुमार के बीच दिहाड़ी के रुपयों को लेकर विवाद हो गया था। उसके सिर में शराब की बोतल से वार कर हत्या कर दी गई।

# जमीन दिलवाने के नाम पर महिला से हड़पे 46 लाख

- पुलिस ने आरोपी प्रॉपर्टी डीलर के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जमीन दिलवाने के नाम पर महिला से एक व्यक्ति ने 46 लाख रुपये हड़प लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव तेलीपुर निवासी अंगूरी देवी ने सदर जगाधरी पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उन्हें अपनी 9 कनाल जमीन बेची थी। जिसके बदले उन्हें दूसरी जगह जमीन खरीदनी थी। इस दौरान उनकी मुलाकात नारायणगढ़ के गांव पंजलासा निवासी लालचंद के साथ हुई। लालचंद ने उन्हें बताया कि वह प्रॉपर्टी डीलर का काम करता है। वह उन्हें कम रेट पर जमीन दिलवा देगा। वह आरोपी की बातों में आ गए। इस दौरान आरोपी ने उसे गांव मुकरामपुर में ढाई एकड़ जमीन दिखाई। जमीन देखने पर उन्हें यह पसंद आ गई। उसका आरोपी के साथ 46 लाख रुपये में जमीन का सौदा तैय हो गया।

उन्होंने आरोपी को 46 लाख रुपये दे दिए। मगर आरोपी ने इसके बाद जमीन की रजिस्ट्री उनके नाम नहीं करवाई। कई बार आग्रह करने पर भी आरोपी ने जमीन की रजिस्ट्री उनके नाम नहीं करवाई। परेशान होकर उसने मामले की सूचना पुलिस को दी मगर पुलिस द्वारा मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिसके बाद उसने अदालत में केस दायर किया।

# महिला की हत्या का आरोपी गिरफ्तार, रिमांड पर लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

- बबलू के साथ हो गई थी पुष्पा उर्फ रानी की शादी
- शादी से इनकार करने पर राहुल ने की पुष्पा की हत्या

पानीपत के गांव सिवाह की चौटाला रोड स्थित जोगिंद्र कॉलोनी में 21 मार्च की देर शाम 25 वर्षीय पुष्पा उर्फ रानी की हत्या कर फरार हुए आरोपी राहुल निवासी दयाल चौराहा गौंडा यूपी हाल जोगिंद्र कॉलोनी को सीआईए थ्री की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है।

डीएसपी हेडक्वार्टर सतीश वत्स ने मंगलवार को प्रेस वार्ता में बताया कि पुष्पा हत्याकांड की पूरी जानकारी लेने के लिए पुलिस ने राहुल को कोर्ट में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया है। उधर, थाना औद्योगिक सेक्टर 29 को दी शिकायत में अवधेश पत्नी लातुरी निवासी किरतपुर शाहजहांपुर, उत्तर प्रदेश हाल जोगिंद्र कॉलोनी चौटाला रोड ने बताया कि उनकी बेटी पुष्पा उर्फ रानी की शादी बबलू के साथ हुई थी। वहीं राहुल, पुष्पा से शादी करना चाहता था। 21 मार्च की शाम करीब 5 बजे राहुल कमरे पर आया और शादी करने के लिए कहा तो बेटी ने मना कर दिया। आरोपी राहुल ने उसकी बेटी पुष्पा उर्फ रानी का गला दबाकर हत्या कर दी और भाग गया। इस मामले में थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में केस दर्ज है।

# महायज्ञ के दौरान गोली चलाने का आरोपी काबू




**कुरुक्षेत्र।** जिला पुलिस ने केशव पार्क में महायज्ञ के दौरान गोली चलाने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के कुशल मार्ग-दर्शन में अपराध अन्वेषण शाखा-2 की टीम ने केशव पार्क में महायज्ञ के दौरान गोली चलाने के आरोपी देवेन्द्र वासी हुमायुपुर जिला रोहतक को गिरफ्तार किया है। अपराध अन्वेषण शाखा-2 प्रभारी निरीक्षक मोहन लाल ने बताया कि 22 मार्च को पुलिस को दी अपनी शिकायत में आशीष वासी लखनऊ यूपी ने बताया कि वह आश्रम में रहकर पढाई करता है। वह अपने मित्र आकाश व शोरण के साथ कुरुक्षेत्र में स्वामी हरीओम महाराज के 1008 कुंडीय जनकल्याण यज्ञ में आया था। 18 मार्च से 27 मार्च तक केशव पार्क में चलने वाले यज्ञ की व्यवस्था स्वामी हरीओम महाराज द्वारा की जा रही है। 22 मार्च को वह अपने साथियों के साथ सुबह 4 से 8 बजे तक यज्ञ करने के बाद वह सभी सैनी धर्मशाला में नाश्ता करने गए थे। नाश्ते की शिकायत को लेकर जब वो सभी स्वामी हरीओम के पास गए और नाश्ते की शिकायत करने लगे तो वहां मौजूद स्वामी के सुरक्षा कर्मियों ने उनके ऊपर गोली चला दी।

# ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौत

**यमुनानगर।** यमुनानगर-सहारनपुर रोड पर पांसरा फाटक के नजदीक देर शाम ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर लगने से बाइक चालक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव बहरामपुर निवासी विजय कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके गांव का ही 34 वर्षीय कमल शर्मा अपनी बाइक पर किसी काम से गया था। शाम को जब वह वापस लौट रहा था तो सहारनपुर रोड पर पांसरा फाटक के नजदीक तेज गति से आ रहे ट्रैक्टर ट्राली ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी ट्रैक्टर ट्राली चालक मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## इब्रो इंडिया 250 से अधिक विद्यार्थियों को कर चुकी है सम्मानित

# 30 विद्यार्थियों को मिला कल्पना चावला अवॉर्ड

- पी.एम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ मा. विद्यालय में हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

इब्रो इंडिया द्वारा आज करनाल के पी.एम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ मा. विद्यालय में एक मेधावी विद्यार्थी प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश भर के 30 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को नगद कल्पना चावला अवार्ड से पुरस्कृत किया गया।

इन विद्यार्थियों ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी की 10वीं परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त किए थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि स्कूल के प्राचार्य महेन्द्र नरवाल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता इब्रो इंडिया के एच.आर हेड यशपाल केहरवाला ने की। इस मौके पर इब्रो इंडिया के एच.आर हेड यशपाल केहरवाला ने कहा कि इब्रो इंडिया भारत में सामाजिक सहभागिता कार्यक्रम के तहत समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान दे रही है। इब्रो इंडिया हरियाणा स्कूल शिक्षा बोर्ड भिवानी की परीक्षाओं में मेरिट में आने वाली 30 बेटियों को हर साल अंतरिक्ष परी कल्पना चावला के नाम से नगद अवार्ड देती है। जिसके तहत कम्पनी प्रत्येक विद्यार्थी को 21 हजार रुपए का नकद प्रोत्साहन राशि देती है। यह सिलसिला बीते 8 सालों से जारी है। अब तक वह 250 से ज्यादा विद्यार्थियों को नगद पुरस्कार दे चुकी है। इस मौके पर मुख्यातिथि स्कूल प्राचार्य महेन्द्र सिंह नरवाल ने कहा कि इब्रो इंडिया बेहतर कार्य कर रही है। इसका अन्य कंपनियों को भी अनुसरण करना चाहिए। इस मौके पर विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके स्कूल के प्राचार्यों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हरियाणा स्कूल ऑफिसर एसोसिएशन के अध्यक्ष सतिंदर नेहरा, अमन शर्मा, सीमा गुजराल, विनोद ठाकुर, सुरेंद्र पाल, सतीश सैनी, संजय शर्मा, रविन्द्र कौर सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे मौजूद रहे।



#### इनको किया सम्मानित

इन विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित:इब्रो इंडिया कम्पनी के एच.आर हेड यशपाल केहरवाला ने बताया कि जिन 30 प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित किया गया उनमें कुसुम, पल्लवी, नीतू, लखी प्रिया, दिव्या, विनीता, साक्षी, महक, वर्षा देवी, आरती, वंशिका, नीतू, वर्षा, परमजीत, भूमि, राखी, रशमी, तनूजा सिंहमार, भारती, शुभ लक्ष्मी, अन्नू, मीना, ज्योति, एकता, नितिशा, समरीन, स्वाति, कतिका शर्मा, भारती, कनिका शामिल रहे।

# इटली में हार्ट अटैक आने से धनौरा के गुरविंद्र की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

- गांव में शोक की लहर परिजन गहरे सदमे में

गांव धनौरा के रहने वाले करीब 42 वर्षीय गुरविंद्र सिंह की इटली के मौदेना शहर में हार्ट अटैक से मौत हो गई। इस दुखद समाचार के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। गुरविंद्र सिंह अपने माता-पिता की इकलौती संतान थे। वह चार बहनों में इकलौता भाई था।

गुरविंद्र सिंह की शादी 2006 में मौजगढ़ गांव की रहने वाली हरदीप कौर के साथ हुई थी। उनके परिवार में पत्नी हरदीप कौर, दो बेटे और एक बेटी हैं जो अब गहरे सदमे में हैं। गुरविंद्र सिंह दिसंबर 2019 में इटली गए थे। वहां मेहनत कर अपने परिवार को आर्थिक रूप से मजबूत कर रहे थे। उनकी मेहनत के चलते इटली में उन्हें पीआर मिल गई थी। इस बार वह 7 दिसंबर 2024 को भारत लौटे थे। करीब दो महीने अपने गांव में परिवार के साथ बिताने के बाद 6 फरवरी 2025 को वापस इटली चले गए। 21 मार्च को उन्हें अचानक हार्ट अटैक आया और उनकी मौत हो गई।



गुरविंद्र सिंह की फाइल फोटो

उनकी मौत की खबर मिलते ही परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। पिता सुखचैन सिंह जो आर्मी से रिटायर्ड हैं व मां हरबंस कौर का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में हर कोई इस घटना से स्तब्ध है।

## खबर संक्षेप



संजय गांधी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में आयोजित शिविर में भाग लेते शिक्षक।

### शिक्षकों को दी मूल्यांकन प्रक्रिया की जानकारी

**रादौर।** संजय गांधी मेमोरियल पब्लिक स्कूल हरनौल में इन हाउस प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें सभी शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। शिविर में आईपीएस स्कूल रादौर की पीजीटी अध्यापिका सोनू शर्मा ने आंतरिक मूल्यांकन विषय पर चर्चा की। उन्होंने सभी शिक्षकों को शिक्षण की विभिन्न प्रक्रियाओं व मूल्यांकन की नई प्रक्रिया से अवगत करवाया। उन्होंने शिक्षकों को नई शिक्षा प्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज की शिक्षा प्रणाली बाल केंद्रित हो गई है। कार्यक्रम के बाद सभी ने सोनू शर्मा का आभार प्रकट किया।

### दादा पोते को मारपीट कर किया घायल

**यमुनानगर।** साढ़ौरा सब्जी मंडी में कहासुनी होने पर एक व्यक्ति ने अपने साथियों के साथ मिलकर दादा पोते को पीट कर घायल कर दिया। घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार साढ़ौरा के गोहनपुर निवासी बलबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गत 24 मार्च को अपने पोते गौतम के साथ साढ़ौरा सब्जी मंडी में किसी काम से आया था। उसका सब्जी मंडी में मारवांकला निवासी विक्रम के साथ झगड़ा हो गया। आरोप है कि विक्रम ने साथियों के साथ मिलकर उन दोनों पर हमला कर दिया।

### बछड़े के लिए 10 रुपये और गाय के लिए 20 रुपये दिए जाते हैं

# गोसेवा आयोग के चेयरमैन ने जगाधरी स्थित गोशाला का किया औचक निरीक्षण

- गोशालाओं में गोवंशजों के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पास किया 585 करोड़ रुपये का बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा गोसेवा आयोग के चेयरमैन श्रवण कुमार गर्ग ने जगाधरी के रक्षक विहार गोशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गोशाला की स्थिति का जायजा लिया और वहां रखे जा रहे गोवंशज की जानकारी ली। गौसेवा आयोग के चेयरमैन श्रवण कुमार गर्ग ने बताया कि हरियाणा में 683 गोशालाएं रजिस्टर्ड हैं और सभी में हरियाणा सरकार की ओर से अनुदान दिया जाता है।

उन्होंने बताया कि इन गोशालाओं को सुचारू रूप से गौवंशकों के लिए कार्य किए जा रहे हैं या नहीं इसकी जांच व निरीक्षण समय समय पर किया जाता है। उन्होंने बताया कि यमुनानगर जिले में पांच गोशालाएं हैं। चेयरमैन श्रवण कुमार गर्ग ने बताया कि गोशालाओं में गाय के बछड़े के लिए 10 रुपये, गाय के लिए 20 रुपये तथा नंदी के लिए 25 रुपये दिए जाते हैं। हरियाणा सरकार के मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा एक अगस्त से 31 दिसंबर तक की ग्रांट गौशालाओं में भेजी जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने गौवंशजों के लिए 585 करोड़ रुपये का बजट हरियाणा की गौशालाओं के लिए पास किया है।



**यमुनानगर।** जगाधरी स्थित गौशाला का निरीक्षण करते हुए गौसेवा आयोग के चेयरमैन श्रवण कुमार गर्ग। फोटो :हरिभूमि

इसी कड़ी में यमुनानगर की रक्षक विहार गौशाला में 23 लाख 35 हजार रुपये की ग्रांट दी जा चुकी है। वहीं जिले की दो अन्य गौशालाओं में सात सात लाख रुपये की ग्रांट भी दी जा चुकी है। हरियाणा गौसेवा आयोग के चेयरमैन श्रवण कुमार गर्ग ने कहा कि यमुनानगर जिले में सबसे कम गौशालाएं हैं व हरियाणा में हरियाली अनुरूप क्षेत्र भी बढ़ा है। उन्होंने बताया कि एक भी गौवंश सड़क पर नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि गौशालाओं का बिजली का बिल जहां दो रुपये प्रति यूनिट किया गया है। वहीं, गौशालाओं की रजिस्टरी खर्च जीरो कर दिया गया है। प्रॉपर्टी टैक्स भी नहीं लगाया जा रहा है। गोबर से डीएपी जैसी प्राकृतिक खाद बनाई जाती है। हिसार में इसके लिए विशेष कारखाना भी लगाया गया है। मौके पर भूपेन्द्र राणा, राज राणा, संजय राणा, उज्जवल ठाकुर, विजय सिंगला, पशुपालन विभाग से रणधीर सिंह, गौशाला कमेटी के प्रधान प्रवीण गर्ग, राजीव चहल व सुमित गुप्ता आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** यमुनानगर के रादौर में रोटरी क्लब द्वारा जरुरतमंद परिवारों को राशन वितरित करते क्लब के सदस्य। फोटो :हरिभूमि

## जरूरतमंद परिवारों को भेंट किया राशन और सामान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रोटरी क्लब रादौर द्वारा कस्बा में जरुरतमंद परिवारों को राशन व अन्य सामान भेंट किया गया। ताकि वह अपने परिवार का पालन पोषण कर सकें। क्लब के पूर्व प्रधान डॉ. एससी सैनी ने बताया कि क्लब की ओर से हर महीने जरूरतमंद परिवारों को राशन दिए जाने की मुहिम शुरू की गई है। जिससे इन परिवारों की मदद की जा सके। उन्होंने बताया कि क्लब की ओर से गत दो फरवरी को जरुरतमंद पांच परिवारों की कन्याओं का सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। क्लब का उद्देश्य समाजसेवा के क्षेत्र में बढ़ चढ़कर कार्य करना है। जिसके लिए क्लब के सदस्य हर संभव प्रयास कर रहे हैं। इस अवसर पर पंचायत समिति रादौर के चेयरमैन विपिन कांबोज राझेडी, भारत माटिया, मोहनलाल अरोड़ा, देवीदयाल अरोड़ा, ब्रह्मप्रकाश टंडन व संदीप सैनी आदि मौजूद रहे।

## अभिभावकों ने विद्यार्थियों की प्रगति को लेकर किया शिक्षकों से मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में मंगलवार को पेरेंट्स-टीचर्स मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अभिभावकों में छात्रों के विकास के प्रति सजगता को लेकर किया गया। संस्थान की अपने छात्रों के बहुमुखी विकास के प्रति प्रतिबद्धता के लिए किए जाने वाली विभिन्न गतिविधियों में अभिभावकों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों ने संस्थान के विभागों में छात्रों के लिए उपलब्ध विभिन्न आधारभूत एवं नवीन तकनीकों की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कॉलेज स्तर इस प्रकार के आयोजनों में अपने सहयोग को आगे भी जारी रखने की बात कही। प्राध्यापकों द्वारा सभी अभिभावकों से छात्रों की वास्तविक प्रगति पर विचार विमर्श किया गया। जिस पर अभिभावकों ने अपनी संतुष्टि जाहिर करते हुए छात्रों के विकास का श्रेय संस्थान की कार्यशैली एवं उच्च स्तरीय मानकों को दिया। संस्थान के निर्देशक डॉ.एसके गर्ग ने अभिभावकों से संस्थान द्वारा छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयत्नों पर चर्चा की।



जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में आयोजित पीटीएम में भाग लेते अभिभावक।

## जांच शिविर में 95 मरीजों का जांचा स्वास्थ्य

### दर्जनों लोगों के पेंशन संबंधित दस्तावेजों को पूरा किया

- सांसद नवीन जिंदल की ओर से गांव टोपरा कलां में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

कुरुक्षेत्र लोकसभा से सांसद नवीन जिंदल की ओर से गांव टोपराकला में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं नवीन संकल्प शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 95 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई और दर्जनों लोगों की पेंशन, आधार व परिवार पहचान पत्र संबंधित दस्तावेजों को पूरा किया गया। सांसद नवीन जिंदल की पहल पर लगे मेडिकल कैंप में रक्त और यूरिन की जांच भी की गई। सांसद नवीन जिंदल के कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि कैंप में 95 मरीजों को परामर्श और दवाइयां दी गई। वहीं 18 मरीजों के टेस्ट भी किए गए। इसके साथ साथ दस्तावेज व नवीन जिंदल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना संबंधित 54 लोगों को भी लाभान्वित किया गया। उन्होंने बताया कि सांसद नवीन जिंदल का प्रयास है कि कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र की जनता की सेवा के लिए कल्याणकारी योजनाएं निर्बाध रूप से जारी रहेंगी। इस अवसर पर बलराम सिंह सरपंच, चरण सिंह, जितेंद्र, पूर्व सरपंच सुरेश पंजेटा, पूर्व सरपंच सुरेंद्र, प्रवीण कुमार व सुरेश कुमार पंच आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** यमुनानगर के टोपराकलां गांव में आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में मरीजों के स्वास्थ्य की जांच करते चिकित्सक। फोटो :हरिभूमि

## प्री से प्राइमरी में जाने वाले विद्यार्थियों को टाइटल व ट्राफी देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रैशनल वर्ल्ड स्कूल में मंगलवार को यूकेजी के छात्रों की ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रिंसीपल ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान प्रिंसीपल परनीत कौर ने प्री.विंग को छोड़ प्राइमरी विंग में प्रवेश कर रहे यूकेजी के विद्यार्थियों को कन्वोकेशन ड्रेस में डिग्री के साथ-साथ ही उन्हें उनके व्यक्तित्व से संबंधित टाईटल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों के अभिभावकों ने विद्यालय में दी जाने वाली शिक्षा व अध्यापकों की खूब सराहना की। बच्चों ने चक धूम धूम गाने पर नृत्य कर खूब वाहवाही लूटी। प्रिंसीपल परनीत कौर ने विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए डिग्री प्रदान की। उन्होंने कहा कि यह ग्रेजुएशन सेरेमनी विद्यार्थियों के हौसलों को बुलंद करने व उन्हें अगले पड़ाव में प्रवेश करने का अहसास करवाने के मकसद से करवाई गई है। इस तरह के समागम से बच्चों में आत्मविश्वास पैदा होता है जो उन्हें जिंदगी में आगे बढ़ने तथा सफलता की बुलंदियां छूने में मदद करता है।



यमुनानगर के रैशनल वर्ल्ड स्कूल रादौर में आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देते बच्चे।

## जिला बार एसो. ने 45 सम्मानित सदस्यों को किया सम्मानित

### जिला बार एसोसिएशन एकता दिवस की 40वीं वर्षगांठ पर किया कार्यक्रम आयोजित

- सम्मानित किए गए सदस्यों ने भ्रष्टाचार के खिलाफ दिखाई थी एकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला बार एसोसिएशन जगाधरी के तत्वावधान में जिला बार एसोसिएशन जगाधरी के एकता दिवस की 40वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में बार रूम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप मेंजिला एवं सत्र न्यायाधीश रमेश चंद्र डिमरी व अन्य सभी जज साहिबान ने भाग लिया। मौके पर उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष राजबीर सिंह भी मौजूद रहे। जबकि अध्यक्षता जिला बार एसोसिएशन जगाधरी के प्रधान विक्रांत सिंह चौहान ने की। जिला बार एसोसिएशन जगाधरी के प्रधान विक्रांत सिंह चौहान ने मुख्य अतिथि व सभी अतिथियों व जज साहिबान का कार्यक्रम में पहुंचने पर हार्दिक अभिनंदन व स्वागत किया। आज के एकता दिवस की 40वीं वर्षगांठ पर जिला बार एसोसिएशन जगाधरी के 45 सदस्यों जिन्होंने 1984-85 में उस समय के तहसीलदार के भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी एकता दिखाते हुए अपनी गिरफ्तारियां दी थी व उसका तबादला होने तक जेल में रहे।



यमुनानगर के जिला बार एसोसिएशन जगाधरी द्वारा बार रुम में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित सदस्यों को सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर एसोसिएशन की उपप्रधान एडवोकेट सोनिया रोहिल्ला, सह सचिव शुभम गौतम, कोषाध्यक्ष शुभम पाल, विजय कुमार गौतम, ब्रिजेश प्रताप, प्रमोद चौहान, भूपिन्द्र शाडिल्य,पूजा चौहान, सबीना, शिवानी ग्रोवर, प्रवीण राणा, विक्रम प्रताप, धर्मवीर सिंह, सुरेन्द्र प्रताप सिंह, पीयूष रोहिला, श्याम चंद गर्ग, विजय चौधरी व राजवर्धन राणा आदि मौजूद रहे।

## मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 13 मई को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पंचायती राज संस्थाओं के वर्ष 2025 में होने वाले उपचुनाव को लेकर मतदाता सूचियों की रिवीजन का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। इस शेड्यूल के अनुसार मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 13 मई 2025 को किया जाएगा। उक्त जानकारी उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पार्थ गुप्ता ने अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पार्थ गुप्ता ने बताया कि हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग पंचकूला द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार ग्राम पंचायतों की हरियाणा पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 163 व हरियाणा पंचायती राज नियमावली 1994 के नियम 8 में दिए गए प्रावधान के अनुसार राज्य निवार्चन आयोग हरियाणा द्वारा जारी करके पंचों, सरपंचों, पंचायत समितियों एवं जिला परिषद के सदस्यों के रिक्त पदो के चुनाव करवाने से पूर्व पंचायती राज संस्थाओं की वर्तमान के नियमों, उपनियमों के तहत मतदाता सूची का रिवीजन प्रोग्राम जारी किया गया है। इस प्रोग्राम के अनुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची जिसका अंतिम प्रकाशन 12 सितंबर 2024 को किया गया था के साथ मिलान आगामी शैडयूल के अनुसार किया जाना है।



उपायुक्त पार्थ गुप्ता।

#### 11 अप्रैल से दर्ज की जाएंगी आपत्ती

उन्होंने बताया कि वार्ड वाइज मतदाता सूची का ड्राफ्ट का कार्य 25 मार्च से लेकर 5 अप्रैल तक जारी रहेगा। इसके अलावा 11 अप्रैल को वार्ड वाइज मतदाता सूची के लिए दावे व आपत्तियां आमंत्रित की जाएंगी। 18 अप्रैल तक दावे व आपत्तियां दर्ज करवाने की अंतिम तिथि होगी। वहीं, 22 अप्रैल को जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष दावे व आपत्तियां दर्ज करने की अंतिम तारिख होगी।

## जिला प्रशासन व खनन विभाग की संयुक्त टीमों ने 2574 वाहन जांचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार खनन विभाग यमुनानगर द्वारा अवैध खनन एवं परिवहन पर निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई के तहत बीती रात जिला प्रशासन व खनन विभाग की संयुक्त टीमों ने 2574 वाहनों की चैकिंग की गई और एक वाहन को सीज किया गया। वहीं, चैकिंग के दौरान 15 वाहनों के चालान कर 7 लाख 27 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि जिले में अवैध खनन करने वालों व नियमों की अवहेलना करने वाले खनिज वाहनों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसके लिए अलगअलग स्तर पर टीमों का गठन करते हुए मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस कार्रवाई के तहत एसडीएम छछरौली की टीमों द्वारा 1486 वाहनों की चैकिंग की गई और आरटीए विभाग द्वारा एक वाहन सीज कर 4 लाख 26 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। एसडीएम जगाधरी की टीमों द्वारा 410 वाहनों की चैकिंग के दौरान 11 वाहनों का चालान कर 2 लाख 61 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। एसडीएम रादौर की टीमों द्वारा 502 वाहनों की चैकिंग के दौरान एक वाहन का चालान काटा।



चेकिंग अभियान के तहत 15 वाहनों के काटे चालान,लगाया सात लाख 27 हजार 500 रुपये का जुर्माना

## पूर्व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवरपाल ने सुनीं लोगों की समस्याएं

- हरियाणा सरकार प्रदेश को आगे ले जाने का कर रही है काम : कंवरपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा के पूर्व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवरपाल ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार द्वारा सभी वर्गों को साथ लेकर प्रदेश को और आगे ले जाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने उक्त शब्द मंगलवार को जगाधरी विधानसभा क्षेत्र के दर्जन भर गांव में जनसंपर्क करते हुए उक्त बात कही। मौके पर ग्रामीणों ने पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल का फूलमालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया।

पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल मंगलवार को सबसे पहले गांव रामपुर खादर में पहुंचे और ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। इसके बाद उन्होंने माड़ो, नंदगढ़, लोहरीवाला,नत्थनपुर, लाकड़, सैनी माजरा, नवाजपुर, भीलपुरा व कन्यावला आदि गांवों में पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने मौके पर ग्रामीणों को प्रदेश की भाजपा सरकार व भाजपा संगठन की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि नगर निगम चुनाव में भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के आशीर्वाद से जगाधरी शहर के सभी सातों वार्डों में भाजपा के उम्मीदवार जीते हैं। जगाधरी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा संगठन को और कैसे मजबूत किया जाए व कैसे आगे बढ़ाया जाए इन विषयों पर सभी भाजपा पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने बैठकर विचार विमर्श किया। उन्होंने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है ।



यमुनानगर के जगाधरी विधानसभा क्षेत्र के गांव रामपुर खादर में ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल।

**कार्यक्रम** डीएवी गर्ल्स कॉलेज में करियर इन इक्नोमिक्स पर एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन

## अर्थशास्त्र में करियर की अपार संभावनाएं: गाबा

### कॉरपोरेट सेक्टर में भी अर्थशास्त्रियों की खूब डिमांड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

डीएवी गर्ल्स कॉलेज यमुनानगर के अर्थशास्त्र विभाग के तत्वावधान में करियर इन इक्नोमिक्स विषय पर एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में इंटरनेशनल इक्नोमिक्स एसोसिएशन की रिसर्च असिस्टेंट सृष्टि गाबा ने भाग लिया। वहीं, अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्या डॉ. सुरिंद्र कौर व अर्थशास्त्र विभाग अध्यक्ष डॉ. अनीता मौदगिल ने संयुक्त रूप से की।

मुख्य वक्ता सृष्टि गाबा ने कहा कि अर्थशास्त्र में करियर की अपार संभावनाएं है। एमए इक्नोमिक्स की पढ़ाई करने के उपरांत विद्यार्थी केंद्र सरकार की इंडियन इक्नोमिक्स सर्विसिज में अपनी सेवाएं दे सकते हैं। इसके अलावा कॉरपोरेट सेक्टर में भी अर्थशास्त्रियों की खूब डिमांड रहती है। सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में रिसर्च असिस्टेंट भी बन सकते हैं। उन्होंने बताया कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया में भी असिस्टेंट के पद पर कार्यरत हो सकते हैं। नेट परीक्षा पास करने के उपरांत कॉलेज व यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में भी सेवाएं दे सकते हैं। गाबा ने कहा कि हम सभी इक्नोमिक्स को डेली लाइफ में इस्तेमाल करते हैं। इसके उन्होंने अनेक उदाहरण भी दिए। मौके पर कॉलेज प्राचार्या डॉ. सुरिंद्र कौर ने कहा कि छात्राएं अपने विषय की विस्तृत नॉलेज लेकर ही उसमें करियर की संभावनाओं को तलाश कर सकती है। किसी भी विषय में सफल होने के लिए डीप नॉलेज बेहद जरूरी है। इस अवसर पर यूएस बैंक की वाइस प्रेजिडेंट जैनिका जैन, आईआईटी दिल्ली की रिसर्च स्कोलर संध्या बिश्नोई, आयरलैंड स्थित क्विंस यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर निकिता सांगवान, बैंगलौर स्थित आईएफआईएम बिजनेस स्कूल की प्राध्यापिका डॉ. प्रगति, दिल्ली स्थित नेशनल इंटीट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर इंस्टीट्यूट की रिसर्च एसोसिएट सोनाक्षी सलूजा ने वीडियो दिखाकर छात्राओं को मोटिवेट किया। वीडियो के जरिए छात्राओं को बताया कि जीवन में लक्ष्य को निर्धारित कर मेहनत करनी चाहिए। ताकि सकारात्मक परिणाम मिल सकें। जीवन में हर रोज नया सीखना चाहिए। कार्यक्रम के आयोजन में शिक्षक जसमीत कौर, शैली चौहान, पारिका उप्पल व रोहित कुमार का सराहनीय योगदान रहा।



**यमुनानगर।** डीएवी गर्ल्स कॉलेज में आयोजित एक्सटेंशन लेक्चर में करियर पर व्याख्यान देते हुए मुख्य वक्ता।

## खबर संक्षेप

### भगवान परशुराम कॉलेज में रोजगार मेला 28 को

**कुरुक्षेत्र।** जिला रोजगार अधिकारी सीमा ने कहा कि 28 मार्च को भगवान परशुराम कॉलेज के सहयोग से सेक्टर-5 स्थित भगवान परशुराम कॉलेज परिसर में सुबह 10 बजे रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में कई नॉमी कंपनियां पहुंचकर युवाओं को रोजगार का अवसर मुहैया करवाएंगी। उन्होंने कहा कि 28 मार्च को आयोजित होने वाले रोजगार मेला में विभिन्न कंपनियां भाग लेंगी।

### स्कूल में दाखिला के लिए के लिए निकाली रैली



**थानेसर।** राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय हथीरा के इंचार्ज सूबे सिंह सुजान की अध्यक्षता में पूरे स्टाफ और बच्चों को लेकर हथीरा गांव में नामांकन अभियान के तहत जागरूक रैली निकाली गई और सभी बच्चों को लेकर गांव के सरपंच के पास पहुंचे। हर किसी का सहयोग लेने का भरसक प्रयत्न किया जा रहा है। केवल पोस्टर बनाना हमारा लक्ष्य नहीं है हम पोस्टर से ज्यादा मेहनत अभिभावकों के घर घर जाकर बात करने में ज्यादा समय लगा रहे हैं इससे पहले चार बार सभी स्टाफ सदस्यों ने घर घर जाकर दाखिला अभियान चलाया है।



### नव निर्वाचित पार्षद अनिरुद्ध का स्वागत

**कुरुक्षेत्र।** सेक्टर 13 की ब्राह्मण सभा द्वारा आज एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें ब्राह्मण समाज के लोगों द्वारा वार्ड 18 से नव निर्वाचित पार्षद अनिरुद्ध कौशिक का जोरदार फूल मालाओं के साथ स्वागत किया गया। सभा द्वारा उनको शाल उढ़ाकर भी सम्मानित किया गया। पार्षद अनिरुद्ध कौशिक ने कहा कि सेक्टर 13 की ब्राह्मण सभा ने मुझे जो सम्मान दिया है मैं इसका कर्ज अवश्य उतारूंगा। हर भाई के साथ दुख-सुख में कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहूंगा। उन्होंने कहा कि उसे जो नई जिम्मेदारी मिली है वह उसे ईमानदारी और तत्परता के साथ करेंगे।

### श्रीमहामृत्युजय मंदिर में हवन यज्ञ आयोजित

**कुरुक्षेत्र।** श्रीमहामृत्युजय मंदिर में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी हवन यज्ञ व भंडारा धूमधाम से किया गया। पंडित ललित शर्मा ने पूरी विधि विधान के साथ हवन यज्ञ संपन्न करवाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पार्षद जगतार सिंह ने की मुख्य यजमान प्रवेश शर्मा के पुत्र व उनकी धर्मपत्नी प्रियंका तथा शिक्षक रत्न से सम्मानित सविता मदान रही। प्रवक्ता सविता मदान ने भजनों ने भजनों की प्रस्तुति दी जिससे सारा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर प्रवेश शर्मा, राजू, सुरेंद्र शर्मा, मोनिका, रेनू, सुनीता आदि मौजूद रहे।

## सब स्टेशन के लिए 16 कनाल भूमि यूएचबीवीएन को देने का प्रस्ताव पारित

# गांव बाखली में बनेगा 33 केवी का पावर सब-स्टेशन : कंवलजीत कौर

- पंचाचत भवन के सभागार में जिला परिषद की 124वीं बैठक आयोजित
- निर्माण कार्य में करोड़ों की आएगी लागत
- पिहोवा के साथ लगते कई गांवों को फायदा मिलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। जिला परिषद की बैठक को संबोधित करती जिप अध्यक्षा कंवलजीत कौर।

जिला परिषद की चेयरमैन कंवलजीत कौर ने कहा कि उपमंडल पिहोवा के गांव बाखली में करोड़ों रुपए की लागत से 33 केवी का पावर सब-स्टेशन तैयार किया जाएगा। इस पावर सब स्टेशन से पिहोवा के साथ लगते कई गांवों को फायदा मिलेगा और बिजली की समस्या से निजात मिलेगी। अहम पहलु यह है कि इस सब स्टेशन के लिए 16 कनाल की भूमि यूएचबीवीएन को देने के लिए प्रस्ताव भी पारित किया गया है। जिला परिषद की चेयरमैन कंवलजीत कौर मंगलवार को पंचाचत भवन के सभागार में जिला परिषद के 124वीं बैठक को सम्बोधित कर रही थी। इससे पहले जिप चेयरमैन कंवलजीत कौर,मुख्य कार्यकारी अधिकारी विरेन्द्र चौधरी ने एफएफसी स्कीम के तहत प्राप्त राशि के वितरण,ग्राम पंचायत बाखली कलां खंड पिहोवा की भूमि के यूटिलाइजेशन प्लान, पंचायत भवन, कुरुक्षेत्र के भवन जिला परिषद को सौंपने बारे विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि जिप वार्डों में विकास के कार्य में किसी भी तरह की कमी नहीं आने दी जाएगी। इस जिला के सभी गांवों का शहर की तर्ज पर विकास किया जाएगा। जिप चेयरमैन कंवलजीत कौर ने कहा कि गांव बाखली में सर्व सम्मति के साथ हरियाणा बिजली वितरण निगम को 33 केवी का पावर सब स्टेशन स्थापित करने के लिए 16 कनाल जमीन देने का प्रस्ताव पारित किया है। इसके साथ ही नाले-नालियों से तालाब तक खरपतवार ना पहुंचे। इसके लिए एक प्रोजैक्ट पर काम किया जाएगा। इस प्रोजैक्ट के लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के साथ मिलकर काम किया जाएगा। इससे तालाबों की सफाई संभव हो सकेगी। इस प्रस्ताव को भी हाउस ने सर्व सम्मति से पास कर दिया है। उन्होंने कहा कि हाउस के समक्ष जिला परिषद के सभी वार्डों में स्कूलों के शौचालयों, चौपालों, आंगनवाडी केन्द्रों की मुरम्मत के साथ-साथ अन्य विकास कार्य करने के लिए 94 लाख रुपए के बजट जारी करने को भी अनुमति दी है। इसके साथ ही पिछली मीटिंग में जितने भी विकास कार्य को सहमति दी गई थी, उन विकास कार्यों को भी तेज गति के साथ पूरा किया जाएगा। जिप चेयरमैन ने कहा कि जिन गांव में स्ट्रीट लाइट नहीं लगी है, उन गांवों में सम्बन्धित विभाग की तरफ से स्ट्रीट लाइट लगाने का काम किया जाएगा।

### फसल विविधिकरण को अपनाने के लिए ग्रामीणों को किया जाए जागरूक

जिप अध्यक्षा ने कहा कि गांवों में खेलों का सामान उपलब्ध करवाया जा रहा है। इस विषय पर खेल विभाग और पंचायत विशेष फोकस रखेगा। इसके अलावा गांवों में पानी को बचाने तथा फसल विविधिकरण को अपनाने के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया जाए ताकि कुरुक्षेत्र को डार्क जोन की स्थिति से उभारा जा सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी दिन रात गांव व शहरों के विकास करवाने के प्रति योजनाओं को अमलीजामा पहनाने का काम कर रहे है और विकास कार्यों के लिए सरकार की तरफ से कभी बजट की कमी नहीं होगी। इस मौके पर जिला परिषद के सीईओ विरेन्द्र चौधरी, जिला परिषद के वाइस चेयरमैन डीपी चौधरी, लेखा अधिकारी सत्यभूषण सहित सभी जिप पार्षद मौजूद थे।

# पापमोचनी एकादशी पर भक्तों ने की पूजा-अर्चना

## पूर्वजों के नामित किया पिंडदान



पिहोवा। सरस्वती तीर्थ पर पिंडदान करवाते एवं प्रेत पीपल पर जल चढ़ाते श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

चैत्र मास की पापमोचनी एकादशी के दिन मंगलवार को सरस्वती तीर्थ पर विशेष कर हिमाचल प्रदेश से आए श्रद्धालुओं द्वारा अपने दिवंगत पूर्वजों की आत्मिक शांति के निमित्त पूजा पाठ, कर्म, गति, नारायण बलि, और पिंडदान संबंधी धार्मिक कार्य करवाया गया। इस दौरान प्रशासन की अनदेखी साफ नजर आई। तीर्थ पुरोहित सुभाष पौलस्त्य ने बताया कि सरस्वती तीर्थ पर न तो रोशनी की समुचित व्यवस्था थी और न ही सफाई की और इसके इलावा सरोवर में जल आपूर्ति एवं सुरक्षा के भी समुचित प्रबंध नही थे। चारों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगी थी। इसके बावजूद भी श्रद्धालुओं की आस्था में कोई कमी दिखाई नही दी। उन्होंने अपनी पूरी श्रद्धा के साथ धार्मिक अनुष्ठान ब्राह्मणों के माध्यम से संपन्न करवाए। सुभाष पौलस्त्य ने बताया कि पहले यह मेला पांच दिन का लगता था, जिसे सरकार ने घटाकर तीन दिन का कर दिया है। इसलिए प्रशासन द्वारा इंतजाम भी तीन दिन के लिए ही किए जाते हैं।

### सुरजेवाला का सम्मान हरियाणा का सम्मान : बवेजा



**कुरुक्षेत्र।** ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी की 8 व 9 अप्रैल को अहमदाबाद गुजरात में होने वाली बैठक की ड्राफ्टिंग कमेटी में पार्टी के महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला को कन्वीनर बनाया गया है। रणदीप सिंह सुरजेवाला को ड्राफ्टिंग कमेटी का कन्वीनर बनाए जाने पर जिला किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने जनरल सेक्रेटरी केसी वेणुगापाल सहित पार्टी के हाईकमान का आभार जताया है। बवेजा ने कहा कि रणदीप सुरजेवाला को कन्वीनर बनाकर पार्टी ने सुरजेवाला व हरियाणा का सम्मान किया है। रणदीप सिंह सुरजेवाला एक सुलझे हुए व साफ छवि के नेता है। वे जन-जन के प्रिय नेता है। सुरजेवाला 36 बिरादरी को साथ लेकर चलने वाले नेता है।

*1008 जनकल्याण शिव शक्ति महायज्ञ*

# महायज्ञ में पहुंची नारी शक्ति यजमान बनकर डाली आहुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



धर्मनगरी कुरुक्षेत्र के केशव पार्क में चल रहे 1008 जन कल्याण शिव शक्ति महायज्ञ में मंगलवार का दिन नारी शक्ति के नाम रहा। बड़ी संख्या में नारी शक्ति ने महायज्ञ में भाग लिया और यजमान के रूप में मंत्रोच्चारण के बीच यज्ञ में आहुतियां डाली। इतना ही नहीं 1000 से अधिक महिलाओं ने एक साथ यज्ञशाला की परिक्रमा भी की। इस मौके पर यज्ञ सम्राट स्वामी हरिओम महाराज ने सत्संग, प्रवचन करते हुए कहा कि ये महिलाएं नहीं शक्तियां हैं। जब जब जरूरत पड़ी है तब तब शक्तियां जागृत हुई हैं। उन्होंने कहा कि सत्य परेशान जरूर होता है, परंतु पराजित नहीं होता। जिस परमार्थ भाव के साथ कुरुक्षेत्र के केशव पार्क में 1008 जनकल्याण शिव शक्ति महायज्ञ चल रहा है। परमात्मा की कृपा से ये महायज्ञ सफलतापूर्वक सम्पन्न होगा। उनका उद्देश्य कुरुक्षेत्र को पर्यटन केंद्र की अपेक्षा धाम के रूप में स्थापित करना व पहचान दिलाना है। उन्होंने कहा कि यज्ञ करने से पर्यावरण शुद्ध होता है। वर्तमान में पर्यावरण लगातार प्रदूषित होता जा रहा है। ऐसे में पर्यावरण को शुद्ध करने की आवश्यकता है और पर्यावरण को शुद्ध करने का यज्ञ ही एक माध्यम है। वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण से पूरा विश्व चिंतित नजर आ रहा है।

### कुवि ने जारी की विभिन्न कक्षाओं की डेटशीट

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के निर्देशानुसार परीक्षा शाखा द्वारा विभिन्न कक्षाओं की डेटशीट जारी की गई है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि बैचलर ऑफ एजुकेशन (जनरल) (2 वर्षीय कोर्स) पार्ट- 1 और 2 (संबद्ध कॉलेजों के लिए) की परीक्षा 5 मई से 30 मई तक, बैचलर ऑफ एजुकेशन (जनरल) (1 वर्षीय कोर्स) की परीक्षा 13 मई से 30 मई तक, बी.ए./बी.एससी. (जनरल) पार्ट- 3 (वार्षिक प्रणाली) की परीक्षा 2 मई से 27 मई, बी.कॉम पार्ट- 3(वार्षिक प्रणाली) की परीक्षाएं 5 मई से 20 मई तक आयोजित होंगी। डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि बीसीए पार्ट- 3 (वार्षिक प्रणाली) की परीक्षा 5 मई से 20 मई तक तथा शास्त्री पार्ट- 3 (वार्षिक प्रणाली) की परीक्षाएं 5 मई से 22 मई, 2025 तक आयोजित होंगी। उन्होंने बताया कि इस सम्बंध में अधिक जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# सत्य का साथ देना सबसे बड़ा धर्म : आचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

- श्री शिव महापुराण कथा यज्ञ आज भव्य शोभायात्रा के साथ प्रारंभ



लाडवा। कथा सुनाते आचार्य वह उपस्थित बाबा बंसी वाला वृद्ध आश्रम के प्रधान व सदस्य।

बाबा बंसी वाला वृद्ध आश्रम एवं अन्य क्षेत्र द्वारा आयोजित श्री शिव महापुराण कथा यज्ञ आज भव्य शोभायात्रा के साथ प्रारंभ हुआ । पहले दिन की कथा करते हुए उज्जैन के प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य महेश गुरु जी ने कहा कि सत्य का साथ देना ही सबसे बड़ा धर्म है जो भी व्यक्ति आजीवन सत्य के मार्ग पर चलता है भगवान शिव उसे उन्नति अवश्य प्रदान करते हैं। शिव का अर्थ ही कल्याणस्वरूप और कल्याणप्रदाता है। परमब्रह्म के इस कल्याण रूप की उपासना उच्च कोटि के सिद्धों, साधकों एवं सर्वसाधारण आस्तिक जनों, सभी के लिये परम मंगलमय, परम कल्याणकारी, सर्वसिद्धिदायक और सर्वश्रेयस्कर है। उन्होंने कहा कि शिव ऐसा तत्व है जिसमें कोई दोष नहीं ढूंढा जा सकता शिव भक्ति भजन आराधना कृपा के बिना अन्य देवों की भक्ति भी आसान नहीं है। उन्होंने कहा की कथा के दौरान व्यास पीठ से कोई ऐसी बात श्रोताओं को सुनने को मिल जाती है जिससे श्रोता के जीवन में एक नवीन परिवर्तन की शुरूआत हो सकती है क्योंकि भगवान की कथा से जुड़ा एक भी शब्द मानव का कल्याण करने वाला होता है। कथा से पहले आयोजन स्थल शिवाला रामकुंडी से एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसकी अगुवाई 101 कलशधारी महिलाओं द्वारा की गई। कथा के मुख्य यजमान विजेंद्र गोयल व अमित गोयल अपने सिर पर श्री शिव महापुराण को रखकर शोभायात्रा में शामिल हुए। शोभायात्रा में विभिन्न झांकियों के साथ साथ कई बैंड पार्टियों ने पूरे शहर को शिव में कर दिया।



### बगथला में नवीन संकल्प शिविर आयोजित

**कुरुक्षेत्र।** नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा बगथला में आयोजित नवीन संकल्प शिविर में ग्रामीणों ने दी जा रही सुविधाओं का लाभ लिया। इन संकल्प शिविरों में पेंशन,आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र और राशन कार्ड संबंधित मुद्दों का समाधान किया गया। इस अवसर पर सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर आरंभ किए गए नवीन संकल्प शिविरों में विशेष रूप से मोबाइल मेडिकल यूनिट भी चलाई जा रही है, जिसमें मुफ्त दवाइयां, चिकित्सा परामर्श और टेस्ट की सुविधाएं दी जाती है। कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में गांवों के लोगों द्वारा इन सुविधाओं का भरपूर लाभ उठाया जा रहा है। इस नवीन संकल्प शिविर में सांसद नवीन जिन्दल द्वारा शुरू की गई नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना के बारे में भी जानकारी दी जाती है ताकि जरूरतमंद छात्रों को छात्रवृत्ति के माध्यम से आर्थिक सहयोग मिल सके। उन्होंने बताया कि बगथला के नवीन संकल्प शिविर में 59 लोगों को परामर्श और निःशुल्क दवाईयां दी गई साथ ही 10 लोगों के युरिन और रक्त के टेस्ट भी किए गए। आज के नवीन संकल्प शिविर में 11 लोगों की समस्याओं का समाधान और छात्रवृत्ति योजना के बारे विस्तृत जानकारी देकर लाभान्वित किया गया।

# नवरात्र उत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल : रामपाल लाठर

- शक्तिपीठ श्री देवीकूप मां भद्रकाली मंदिर में मनाया जाएगा उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। जानकारी देते हुए भद्रकाली सेवक मंडल के सदस्य रामपाल लाठर।

भद्रकाली सेवक मंडल के सदस्य रामपाल लाठर ने कहा कि सनातन संस्कृति व हिन्दू धर्म में नवरात्रि उत्सव व दुर्गा पूजा का विशेष महत्व है। 30 मार्च से शुरू हो रहे नवरात्रि उत्सव पूरे भारत वर्ष में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाए जाऐंगे। उन्होंने बताया कि सम्पूर्ण सृष्टि को संचालित करने वाली आदिशक्ति मां दुर्गा की पूजा का नवरात्रि के दिनों में विशेष महत्व होता है। नौ दिनों के चलने वाले नवरात्रि दिनों में मां दुर्गा की अलग-अलग रूपों में पूजा की जाती है। इन पवित्र नवरात्रि पर्व को लेकर श्रद्धालु बड़ी दूर-दूर से शक्तिपीठ श्री देवीकूप मां भद्रकाली मंदिर झांसा रोड में आकर पूजा अर्चना करते है। रामपाल लाठर ने बताया कि पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा के सानिध्य में नवरात्रि महोत्सव को सुचारू रूप से चलाने के लिए सेवक मंडल के सदस्यों की डयूटियां भी लगाई गई है। उन्होंने बताया कि इस बार महाशक्ति की महापूजा का महापर्व नवरात्रि महोत्सव 30 मार्च से शुरू होगा और 5 अप्रैल श्री दुर्गाष्टमी के साथ सम्पन्न होगा। प्रथम नवरात्र 30 मार्च को है, लेकिन शोभायात्रा 29 मार्च को निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि 29 मार्च को सुबह 6 बजे मंगला आरती, सुबह 8 बजे कलश पूजन व सुबह 9 बजे ध्वजारोहण होगा। वहीं दोपहर 12 बजे मां भ्रदकाली जी की भव्य शोभायात्रा मां की पावन पवित्र ज्योति के साथ प्रारंभ होगी। जिसे हरियाणा सरकार के मंत्री कृष्ण कुमार बेदी झंडी देकर रवाना करेंगे ओर मुख्य यजमान के तौर पर हल्दीराम से वाईस चेयरमैन एंड मैनेजिंग डायरेक्टर मधुसूदन अग्रवाल, माँ की कंजक शलोका पंडित (कुहु) शामिल होंगे।




### चैत्र चौदस मेले को लेकर तैयारियां जारों पर

**पिहोवा।** सरस्वती हैरीटेज बोर्ड हरियाणा के उपाध्यक्ष धुम्मन सिंह किरमच ने कहा कि उपमंडल पिहोवा में 27 से 29 मार्च 2025 तक लगने वाले चेत्र चौदस मेले के लिए श्रद्धालुओं का आगमन प्रारंभ हो चुका है। उन्होंने श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए कहा कि मेले में श्रद्धालुओं के लिए सभी प्रकार की व्यवस्थाएं मुकम्मल कर दी गई हैं। धुम्मन सिंह किरमच मंगलवार को सरस्वती तीर्थ पर सभी तैयारियों का जायजा लेने पंहुचे। इस मौके पर उनके साथ नगरपालिका चेयरमैन आशीष चक्रपाणि भी मौजूद रहे। उपाध्यक्ष धुम्मन सिंह किरमच ने कहा कि उपमंडल पिहोवा में हर वर्ष चेत्र चौदस मेले का आयोजन किया जाता है, जिसमें देश के कोने-कोने से श्रद्धालु यहां पंहुच कर पूजा अर्चना करवाते हैं। यह मेला विश्व स्तर का मेला होता है तथा एकादशी से लेकर अमावस तक लाखों की संख्या में श्रद्धालु मेले में पंहुचते हैं। उन्होंने कहा कि चेत्र चौदस मेला 27 से 29 मार्च 2025 तक आयोजित किया जाएगा लेकिन सरस्वती तट पर लोगों का आवागमन पहले ही शुरू हो जाता है। ऐसे में बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए स्थानीय प्रशासन द्वारा सभी इंतजाम पूरे कर लिए गए हैं। भारी संख्या में पुलिस बल तैनात करके तथा शहर के कोने-कोने में सीसीटीवी कैमरों के साथ सुरक्षा व्यवस्था को और अधिकता से सुदृढ़ किया गया है। इस दौरान धुम्मन सिंह किरमच ने सरस्वती तीर्थ पर आए हुए श्रद्धालुओं से भी बातचीत की तथा व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

# विद्यार्थियों को सामान्य भारतीय वाक्यांशों को अंग्रेजी में बदलने का कराया अभ्यास

- विद्या भारती इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रेनिंग एंड रिसर्च सेंटर में वर्कशॉप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। कार्यक्रम में मौजूद अतिथिगण।

विद्या भारती इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रेनिंग एंड रिसर्च सैंटर कुरुक्षेत्र में 8 दिवसीय स्पोकन इंग्लिश वर्कशॉप का आयोजन किया गया, जिसमें 15 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस वर्कशॉप में 7 प्रशिक्षकों की टीम द्वारा इंग्लिश संवाद कौशल में सुधार के लिए विभिन्न गतिविधियाँ और सत्र आयोजित किए गए। इस कार्यशाला का प्रमुख उद्देश्य अंग्रेजी समझ एवम् कौशल में सुधार करना, आत्मविश्वास और सामाजिक संवाद क्षमता में वृद्धि करना, अंग्रेजी में अपनी समझ और संवाद कौशल को और बेहतर बनाना था। इस अवसर पर ऋषि राज वशिष्ठ महामंत्री हिंदू शिक्षा समिति, विजय नड्डा संगठन मंत्री उत्तर क्षेत्र, बालकिशन संगठन मंत्री उत्तर क्षेत्र, चेतराम मंत्री ग्रामीण शिक्षा विकास समिति,कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के रजिस्टर वीरेंद्र सिंह, ग्रामीण शिक्षा विकास समिति के कोषाध्यक्ष माननीय अशोक रोशा प्रांत शिशु वाटिका प्रमुख सोमदत्त गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्या सुमन बाला, श्रीमद् भगवद् गीता प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाचार्या चेतना वत्स, सुखबीर, नेहा गुप्ता उपस्थित रहे।

**खेल-कूद**

## डाइट पलवल में दो दिवसीय वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता समारोह का आयोजन

▶▶| शॉट पुट में आलोक-मांडवी, ऊंची कूद में अनिकेत-वंदना व सैक रेस में विवेकानंद-मुस्कान रहे प्रथम

▶▶| विजेताओं को मेडल और प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया

# हरियाणा के खिलाड़ियों ने पूरे विश्व में बजाया खेलों का डंका : कैलाश सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र




मुख्यमंत्री के कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि हरियाणा के साथ-साथ कुरुक्षेत्र के खिलाड़ी खेलों के क्षेत्र में राष्टीय और अंतर्राष्टीय स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे है। इस प्रदेश के खिलाड़ियों ने ओलम्पिक में मेडल हासिल करके एक इतिहास बनाने का काम किया। इन खिलाड़ियों को प्रदेश सरकार की तरफ से तमाम उच्च स्तरीय सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही है। इतना ही नहीं समाज में छिपी खेल प्रतिभाओं को तराशने के लिए हर जिले में अलग-अलग खेलों की नर्सरियां भी खोली जा रही है। मुख्यमंत्री के कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी मंगलवार को डाइट पलवल में दो दिवसीय वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता के समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री के कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी, संस्थान के निदेशक डा. ऋषि गोयल, इंचार्ज डा. प्रवीण, संयोजक डा. रीता ने विधिवत रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्य अतिथि सीएम के कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी ने विजेताओं खिलाड़ियों को मेडल और प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने स्वयं के जीवन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी है और खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। इंचार्ज डा. प्रवीण ने कहा कि खो-खो में टीम ए विजेता रही। शॉट पुट में आलोक प्रथम, राहुल ने दूसरा, अनुराग आचार्य ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। शॉट पुट गर्ल्ज में मांडवी सिंह प्रथम स्थान, रितिका दूसरा गुरप्रीत कौर तीसरे स्थान पर रही, ऊंची कूद (लडके) में अनिकेत प्रथम, कर्ण कुमार दूसरे स्थान पर, विवेकानंद तृतीय रहे, ऊंची कूद (गर्ल्ज) में वंदना शर्मा ने प्रथम तान्या ने दूसरा, मुस्कान ने तीसरा स्थान प्राप्त किया संस्थान के विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलों में बढ़ चढ़ कर भाग लिया। उन्होंने कहा कि सैक रेस में लडकों में विवेकानंद प्रथम, अनुराग आचार्य दूसरे, पुलकित व राजन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया,सैक रेस में गर्ल्ज में मुस्कान ने प्रथम, गुरप्रीत ने दूसरा, दामिनी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। बाल फेंकने में गर्ल्ज में मांडवी सिंह ने प्रथम प्रथम, दामिनी ने दूसरा, गुरप्रीत कौर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। संस्थान के निदेशक डा.ऋषि गोयल ने मुख्य अतिथि का सम्मान स्मृति चिन्ह तथा शॉल भेंट कर सम्मानित किया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर संस्थान में दिव्या डा. सुमन, डा.संदीप कुमार, डा. अजमेर सिंह डा. सुमंत कुमार, तानिया गुप्ता, डा. सुमित कुमार, डा. विजय, डा. राजेंद्र, गीता वशिष्ठ आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### ड्रोन पायलट प्रशिक्षण के लिए जमा करवाएं दस्तावेज

**अंबाला।** सहायक कृषि अभियंता सुभाष चंद्र ने बताया कि जिन किसानों ने ड्रोन पायलट प्रशिक्षण के लिए विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किए थे। उन सभी आवेदित किसानों को अवगत करवाया जाता है कि जो दस्तावेज आवेदन के लिए विभागीय पोर्टल पर अपलोड किए गए थे, वह सभी दस्तावेज सहायक कृषि अभियंता अम्बाला के कार्यालय में 28 मार्च 2025 दिन शुक्रवार तक जमा करवाना सुनिश्चित करें। आवेदित किसानों के दस्तावेजों की जांच करके स्कीम के दिशा-निर्देशों के अनुसार उनकी मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी व दस्तावेज जमा न करवाने वाले किसानों के आवेदन रद्द कर दिए जाएंगे। ज्यादा जानकारी प्राप्त करने के लिए किसी भी कार्य दिवस पर सहायक कृषि अभियंता व उप कृषि निदेशक के कार्यालय में सुबह 9 से शाम 5 बजे तक संपर्क किया जा सकता है।

### फायर करने के मामले में दो अन्य आरोपी धरे

**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज जान से मारने की नीयत से फायर करने के मामले में पुलिस ने आरोपी नितिन कुमार व आदित्य कुमार को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में संलिप्त अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। लाहा माजरी गांव के रहने वाले सलीम ने 6 मार्च 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी दिनेश पाल उर्फ देशी व अन्य ने उस पर जान से मारने की नीयत से फायर करने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### मारपीट मामले में दो को जांच किया शामिल

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी संजीव उर्फ गूंजू व गुरजीत कुमार उर्फ काका को शामिल जांच किया है। सरसेहड़ी गांव के राजेंद्र कुमार ने 4 मार्च 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 28 फरवरी 2025 को गांव चंदपुरा में आरोपी संजीव उर्फ गूंजू, गुरजीत कुमार उर्फ काका व अन्य ने उससे मारपीट करते हुए चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था

### फर्जी जमानती को गिरफ्तार



**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज फर्जी जमानत देने के मामले में पुलिस ने आरोपी संदीप कुमार को गिरफ्तार किया है। न्यायालय रीडर ने 24 मार्च 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी संदीप कुमार व अन्य ने न्यायालय में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नशा तस्करी के मामले में गिरफ्तार आरोपी विकास की जमानत देने की धोखाधड़ी करने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### आरोपी को किया जांच में शामिल

**अंबाला।** थाना बराड़ा में दर्ज सड़क दुर्घटना में हुई मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी जितेंद्र कुमार को शामिल जांच किया है। राजौली के अविनाश कुमार ने 15 मार्च 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि अद्योया चौक के पास आरोपी चालक ने लापरवाही व तेज गति से मोटरसाइकिल चलाते हुए उसके दोस्त राहुल को पीछे से टक्कर मार दी थी। हादसे में उसकी मौत हो गई थी। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

## प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का हो समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के एसडीएम दर्शन कुमार ने कहा कि समाधान शिविर मे आने वाले हर व्यक्ति की समस्या को गंभीरता से लिया जाए। भरसक प्रयास रहें कि उनकी समस्याओं का मौके पर ही निपटान किया जाए। एसडीएम मंगलवार को डीसी कार्यालय मे आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता कर रहें थे। उन्होंने समाधान शिविर में आमजन की समस्याएं सुनने के साथ-साथ शिविर मे बैठे अधिकारियों को लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। समाधान शिविर राज्य सरकार द्वारा निर्देशित आम नागरिकों की समस्याओं का जल्द समाधान करने के निर्देश दिए।

## गैरकानूनी तरीके से बनाई जा रही इमारत को नप ने किया सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी में हो रहे अवैध निर्माण पर अब नगर परिषद ने कार्रवाई शुरू हो गई है। नप अधिकारियों ने निगार सिनेमा के पास निर्माणाधीन इमारत को सील कर दिया। मौके पर नगर परिषद की पूरी टीम मौजूद रही। निर्माण करने वाले व्यक्ति से भी इस संबंध में जवाब मांगा है। जबकि निर्माणाधीन इमारत पर नोटिस भी चस्पा किया है। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी रविंद्र कुहाड़ ने बताया कि निकलसन रोड पर निगार सिनेमा के पास एक इमारत का निर्माण किया जा रहा था।

### निर्माण से संबंधित दस्तावेज नहीं दिए

इस निर्माण के लिए नगर परिषद की तरफ से इजाजत नहीं ली गई थी। जब निर्माण शुरु हुआ तो तुरंत संबंधित व्यक्ति को नोटिस जारी किया गया। लेकिन उसने कोई जवाब नहीं दिया। इसके बाद दो ओर नोटिस देकर उसे निर्माण से संबंधित दस्तावेज दिखाने के निर्देश दिए गए। बावजूद इसके कोई भी दस्तावेज इमारत के मालिक ने नहीं दिखाया। इसलिए अब निर्माणाधीन इमारत को सील कर दिया गया है।

### कार्रवाई से हड़कंप



### छेड़छाड़ की तो कार्रवाई

अगर फिर भी निर्माण के साथ किसी प्रकार की छेड़छाड़ होगी तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। वहीं, उन्हें अनधिकृत निर्माण करने वाले लोगों को भी चेतावनी दी कि बिना नगर परिषद की इजाजत के कोई निर्माण न करें अन्यथा उनके खिलाफ भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर नगर परिषद के बिल्डिंग निरीक्षक रमेश कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### पिछले दिनों मौसम की मार से उत्पादन पर पड़ा प्रभाव

# अनाज मंडी में सरसों की खरीद में तेजी किसानों ने सरकार के इंतजामों को सराहा

- खरीद केंद्रों पर 16 मार्च से हैफेड एजेंसी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कर रही है खरीद
- मुलाना में 87 मीट्रिक टन बराड़ा में 160 मीट्रिक टन और साहा में मात्र 8 मीट्रिक टन सरसों की खरीद दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

अनाज मंडी में सरसों की भारी आवक तेजी से जारी है। किसान अपनी फसल लेकर मंडी पहुंच रहे हैं, बता दें कि सरकार ने मुलाना, बराड़ा व साहा में सरसों ख़रीद केंद्र बनाया है। हैफेड द्वारा सरसों की खरीद की जा रही है। इन खरीद केंद्रों पर बीती 16 मार्च से हैफेड एजेंसी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद कर रही है। सोमवार तक मुलाना में 87 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की जा चुकी है। बराड़ा में 160 मीट्रिक टन और साहा में मात्र 8 मीट्रिक टन सरसों की खरीद दर्ज हुई है।

किसानों का कहना है कि इस बार मौसम की अनिश्चितता के कारण सरसों के उत्पादन में कमी आई है लेकिन सरकार द्वारा एमएसपी पर खरीद शुरू किए जाने से उन्हें कुछ राहत मिली है। मंडी में खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है, लेकिन किसान फसल के उत्पादन को लेकर चिंतित हैं, क्योंकि हाल ही में हुई बारिश और ओलावृष्टि से फसल प्रभावित हुई है।



मुलाना। अनाज मंडी में आई सरसों की फसल। फोटो : हरिभूमि

### पैदावार को नुकसान

मार्च महीने में कई जगहों पर हुई बारिश और ओलावृष्टि ने सरसों की फसल को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। बराड़ा के आसपास के गांवों—थंबड़, अधोया, उगाला, और अन्य इलाकों में सरसों की फसल पर इस मौसम की मार से प्रति एकड़ उत्पादन में 1.5 से 2 क्विंटल तक की गिरावट आई है।

### किसानों को परेशानी नहीं आने दी जा रही



तेज बारिश और ओलावृष्टि से किसानों को नुकसान तो हुआ है। लेकिन उनके गांव में ऐसा नहीं है। हमने 8 एकड़ में सरसों लगाई थी। जिसमें 9 क्विंटल तक सरसों की पैदावार हुई है। सरकार द्वारा अब बराड़ा- मुलाना साहा में सरसों खरीद के सेंटर ढेने से लेबर की कोई कमी नहीं है। -हार्दिक

### ओलावृष्टि ने पैदावार को प्रभावित हुई



उगाला गांव के किसान विकास राणा ने बताया, हमने उम्मीद की थी कि इस बार सरसों की अच्छी पैदावार होगी लेकिन ओलावृष्टि ने पैदावार को प्रभावित किया है। मैनें 6 एकड़ में सरसों लगाई थी। पैदावार में ओलावृष्टि से काफी कमी आई है।
-विकास राणा, किसान

### किसानों को परेशानी नहीं आने दी जा रही



सरसों की खरीद सुचारू रूप से ज्यादा जारी है। किसानों को कोई परेशानी नहीं आने दी जा रही है। अब तक हल्का मुलाना में बराड़ा अनाज मंडी में सबसे ज्यादा सरसों की खरीद 160 मीट्रिक टन की जा चुकी है।

### तेज बारिश से सरसों की पैदावार घटी



गोकलगढ़ के किसान राजकुमार ने बताया कि हमने पिछले साल 6 एकड़ सरसों लगाई थी। जिसकी एवरेज 7 क्विंटल प्रति एकड़ आई थी। लेकिन इस बार तेज बारिश से पैदावार घटी है। एक एकड़ में तो केवल 4.5 क्विंटल सरसों निकली है। तेज बारिश से नुकसान हुआ है।
-राजकुमार, किसान



नारायणगढ़। डीएसपी को ज्ञापन सौंपते सर्व समाज के लोग। फोटो : हरिभूमि

### डीएसपी को लोगों ने सौंपा ज्ञापन

## बसपा नेता की हत्या में वांटेड आरोपियों की गिरफ्तारी हो

- एक अप्रैल तक आरोपियों की गिरफ्तारी का दिया अल्टीमेटम
- लगभग 2 माह पूर्व बसपा नेता हरबिलास की हुई थी हत्या
- सर्वसमाज के अनेकों लोगों ने डीएसपी से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

लगभग 2 माह पूर्व बसपा नेता एवं वकील हरबिलास रज्जूमाजरा की हुई हत्या के मामले में शेष आरोपियों की अभी तक गिरफ्तारी न होने के चलते सर्व समाज में भारी रोष व्याप्त है। इसी रोष स्वरूप मंगलवार को सर्वसमाज के अनेकों लोगों ने डीएसपी से भेंट कर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। उसमें यह कहा गया कि मुख्य आरोपी वैंकट गर्ग, तुषार और निहाल को तुरंत गिरफतार किया जाए। इस बारे लोगों ने डीएसपी को इन आरोपियों की गिरफ्तारी एक अप्रैल तक किए जाने की मांग की। गिरफ्तारी न किए जाने पर सर्व समाज के लोगों ने सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने की घोषणा की।

बता दें कि गत 24 जनवरी को बसपा नेता एवं स्थानीय वकील हरबिलास रज्जूमाजरा की गोलियां मारकर उस समय हत्या कर दी थी जब वह अपने दो अन्य साथियों के साथ स्थानीय रूद्राक्ष पार्क के समीप अपनी कार में बैठे थे। तभी मोटरसाइकिलों पर आए हत्यारों ने उन पर गोलियां चला दी। बुरी तरह जख्मी हरबिलास ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया था। इस अवसर पर सर्व समाज के सुदर्शन सिंह, राम चंद्र, नरेंद्र सिंह, सुरजीत सिंह सहित अनेकों लोग उपस्थित रहे।



अंबाला। बैठक के दौरान एजीएम वरिंदर तथा एल्डर्स फ़ोरम के सदस्य।

### हैवनली पैलेस के सीनियर सिटीज़न होम में बुजुर्गों को मिल रही फाइव स्टार सुविधाएं

**अंबाला।** एल्डर्स फ़ोरम द्वारा रोटरी अस्पताल के रेडक्रॉस भवन में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता फ़ोरम के अध्यक्ष कमलेश गुप्ता द्वारा की गई। इस अवसर पर मानवता की सेवा को समर्पित ड्रीम एंड ब्यूटी चेरिटेबल ट्रस्ट के सहायक महाप्रबंधक वरिंदर को आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर वरिंदर ने बताया कि ड्रीम एंड ब्यूटी चेरिटेबल ट्रस्ट अमेरिका के सफल भारतीय उद्यमी अनिल मोंगा द्वारा स्थापित किया गया है। इसका उद्देश्य मानवता की सेवा करना है। उन्होंने बताया कि लुधियाना के अंतर्गत आते क़स्बा दोराहा में नहर के किनारे इस ट्रस्ट द्वारा 14 एकड़ में बनाए गए हैवनली पैलेस नामक भव्य सीनियर सिटीज़न होम में बुज़ुर्गों के लिए फाइव-स्टार स्तर की सुविधाएं उपलब्ध हैं। यहां विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े वरिष्ठ नागरिक, सेवानिवृत्त अधिकारी और प्रवासी भारतीय बुज़ुर्ग निवास कर रहे हैं।



अंबाला। हवन यज्ञ में आहुतियां डालते प्रिंसिपल व शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

### डॉ. पूनम सूरी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित हुआ शुभ-कामना हवन यज्ञ

**अंबाला।** डीएवी कॉलेज प्रबंध समिति, नई दिल्ली, एवं आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि सभा के प्रधान पद्मश्री अलंकृत श्रद्धेय डॉ. पूनम सूरी के 77 वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में शुभ-कामना हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इस हवन यज्ञ के माध्यम से प्रधान की दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य व सुखी जीवन की कामना की गई। स्कूल प्राचार्य डॉ. विकास कोहली ने अपने वक्तव्य में कहा कि डॉ. पूनम सूरी डीएवी कॉलेज प्रबंधक समिति के सर्वोच्च अग्रदूत हैं। उन्हें साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान के लिए आदर्श और सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार /"पद्मश्री/" से नवाजा गया है। महात्मा आनंद स्वामी के प्रख्यात पौत्र,डॉ. पूनम सूरी एक प्रख्यात शिक्षाविद् हैं। इसके परिणामस्वरूप डीएवी कॉलेज प्रबंध समिति में नई परियोजनाओं की पहल की जा रही हैं।

### संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में डिजिटल साक्षरता पर वर्कशॉप

## छात्राओं को मुक्त शैक्षिक संसाधन 'ओईआर' के महत्व से अवगत करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में मंगलवार को डिजिटल साक्षरता पर ऑनलाइन वर्कशॉप का आयोजन किया गया। यह वर्कशॉप लाइब्रेरी विभाग द्वारा लाइब्रेरियन सीमा सैनी की देखरेख में आयोजित की गई। इस अवसर पर महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय जगाधरी के लाइब्रेरियन लखपत सिंह ने कॉलेज में शिरकत की और छात्राओं को मुक्त शैक्षिक संसाधन (ओईआर) के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ओईआर वे संसाधन हैं जो स्वतंत्र रूप से और सार्वजनिक रूप से उपलब्ध होते हैं, जिनका उपयोग, सांझा और संशोधन किया जा सकता है। यह शिक्षा में पहुंच और सामर्थ्य को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने बताया कि ओईआर पाठ्यक्रम सामग्री की लागत को कम करता है और शिक्षकों व छात्रों को गुणवत्तापूर्ण संसाधनों तक समान पहुंच प्रदान करता है। वर्कशॉप के दौरान लखपत सिंह ने छात्राओं को वेबलिब के माध्यम से किताबों की जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने शिक्षकों को भी डिजिटल संसाधनों के उपयोग पर प्रशिक्षण दिया। लाइब्रेरियन सीमा सैनी ने वर्कशॉप का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को ओपन एजुकेशनल एनालिस्ट, ई-पीजी रिसोर्सेज, पाठशाला और ई-ज्ञानकोष जैसी डिजिटल शैक्षिक संसाधनों से परिचित कराना बताया।



बराड़ा। महाराजा अग्रसेन कॉलेज के लाइब्रेरियन को सम्मानित करते हुए।

## कुरुक्षेत्र में आयोजित होगी राज्य पशु प्रदर्शनी, पालकों को मिलेगा मौका

**अंबाला।** उपनिदेशक सघन पशुधन विकास प्रयोजना ने बताया कि पशुपालन विभाग द्वारा 30 मार्च से 1 अप्रैल 2025 तक कुरुक्षेत्र में 41वां राज्य पशु प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतिष्ठित आयोजन का उद्देश्य पशुपालन को बढ़ावा देना और इस क्षेत्र में नवीनतम प्रगति को प्रदर्शित करना है। इस प्रदर्शनी में गाय, भैंस, भेड़, बकरी और अन्य प्रजातियों के श्रेष्ठ पशुओं का प्रदर्शन किया जाएगा। इन पशुओं का चयन उनकी विशिष्ट नस्ल गुणों के लिए किया गया है और वे अपनी-अपनी श्रेणियों में शीर्ष सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। इस आयोजन के दौरान पशुपालन विभाग अपनी नई नीतियों और योजनाओं को भी प्रदर्शित करेगा, जिनका उद्देश्य राज्य में पशुपालन को बढ़ावा देना है। ये पहल पशुओं की उत्पादकता और स्वास्थ्य में सुधार करने के लिए डिजाइन की गई हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### शर्मा ब्रदर्स को किया सम्मानित

**कुरुक्षेत्र।** वेद पुराणों के अनुसार सरस्वती तीर्थ पिहोवा में पिंडदान व गति कर्म-काण्ड करने का विशेष महत्व है, इसी बात को ध्यान मे रखकर शर्मा ब्रदर्स ने अब तक के आए सभी भजनों से हटकर पितरों के ऊपर भजन मार्केट मे प्रस्तुत किया है। सोनटेक कम्पनी मालिक हंस राज ने शर्मा ब्रदर्स को सम्मानित भी किया।

**कार्यक्रम** ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय ने न्यू जनकपुरी में आयोजित किया आध्यात्मिक कार्यक्रम

*अब बड़े घर तो हैं, लेकिन परिवार नहीं रहे*

# तमन्ना चंद्रमा को छूने की लेकिन अपने माता-पिता के पैर छूने में आती है शर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

ब्रहमाकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय शांतिधाम की ओर से अंबाला छावनी की न्यू जनकपुरी में राजयोग द्वारा सुखी स्वस्थ जीवन विषय पर आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम विभिन्न स्थानों से आई राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी बहनों की उपस्थिति में किया गया। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शैली दीदी ने कहा कि इस समय साइंस और टेक्नोलॉजी के साथ जो विकास हो रहा है उसके तो हम सभी साक्षी हैं, लेकिन इस आधुनिक समाज का दूसरा पहलू भी हम देखते हैं। अब बड़े घर हैं लेकिन परिवार नहीं रहे। लोग ज़्यादा पढ़े लिखे हैं लेकिन तमीज शायद कही लॉकर में रख दी है। महंगी दवाई है लेकिन स्वास्थ्य की कोई गारंटी नहीं है।

चंद्रमा को छूना है लेकिन अपने माता पिता के पैर छूने में शर्म आती है। घड़ियां महंगी हैं लेकिन समय किसी के पास नहीं है। साइंस और टेक्नोलॉजी से लाइफ में सुविधाएं तो बढ़ गई लेकिन मन की शांति के लिए हमें कोई न कोई प्रयास करना पड़ता है। या फिर कोई दिन या कोई त्यौहार का बहाना करना पड़ता है। टेक्नोलॉजी को इस्तेमाल करते समय हमें इन बुराइयों की दलदल से व हर तरह की आपदा से मुक्त कराने के लिए इस संसार से अधर्म को मिटाने के लिए इस धरा पर परमात्मा का अवतरण होता है। परमात्मा कर्मगति का ज्ञान हमारे सामने रखते है। परमात्मा ने स्वयं राजयोग का ज्ञान दिया। जिस राजयोग से न केवल मानसिक शांति मिलती है, बल्कि आत्मिक विकास में भी सहायक है।





अंबाला। झंडा फहराने की रस्म अदा करती बीके बहनें व एक दूसरे को आशीर्वाद देते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### स्वयं को परमात्मा के साथ कनेक्ट करें

राजयोग मेडिटेशन एक सरल अभ्यास है जो कहीं भी किसी भी समय और खुली आंखों के साथ किया जा सकता है। इस अभ्यास के द्वारा आप परमात्मा से जुड़कर सर्व संबंधों की उनसे अनुभूति कर सकते हैं। इसके लिए स्वयं को आत्मिक स्वरूप में स्थिर कर परमात्मा के साथ कनेक्ट करना हैं। राजयोग एक संपूर्ण योग है जो हमारे शरीर और मन, बुद्धि को संयमित रखता है। इससे हमारे विचारों में सकारात्मकता आती है। राजयोग द्वारा तनाव से मुक्ति, अनिद्रा से मुक्ति, संबंधों में मधुरता व निश्चिंतता आती है। अंबाला सब जोन निर्देशिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने सबको आशीर्वचन दिया।